तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026



14 राधाकृष्ण मंदिर में मनाया बसंत पंचमी का उत्सव





14 अछरीडीह में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का द्वितीय वर्षगांठ मनाई






## खबर संक्षेप



### अवैध रूप से शराब बेच रहा आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** पथरला रोड ग्राम तिलकपुर के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे एक व्यक्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी शंकर चौहान पिता टीकाराम चौहान (33 साल) तिलकपुर थाना बसना के कब्जे से कुल 6 लीटर कीमत 1200 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बाइक से शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति एक लाल कलर के रायडर मोटर सायकल से शराब रखकर बिक्री के लिए बैतारी से झिलमिला की ओर आ रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने बाइक को रोका। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सारथी साहू पिता रूकमन साहू (50 वर्ष) बैतारी थाना सरायपाली जिला महासमुंद छग के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन रोमियो शराब कीमत 2560 रुपए और बाइक कीमत 80000 रुपए को बरामद किया।

### रक्तदान शिविर कल

**महासमुंद।** शहर के महांती युवा मंच, छग करण महांती समाज, तारिणी महिला मंच एवं आशीर्वाद ब्लड बैंक के संयुक्त प्रयास के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन में किया गया है। समाजजनों ने अधिक से अधिक संख्या में इस पुनीत कार्य के भागीदार बनने की बात कही है।

# धान खरीदी का आंकड़ा 86 लाख पार, उठाव की धीमी चाल से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभियान अपने चरम पर है, लेकिन खरीदी केंद्रों पर धान के उठाव धीमी है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जिले में अब तक 1 लाख 35 हजार से अधिक किसानों से लगभग 86 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जबकि खरीदे गए कुल धान का अब तक महज 20 लाख क्विंटल धान का ही उठाव हो सका है। लगभग 56 लाख क्विंटल से ज्यादा धान अभी भी जिले के विभिन्न सोसायटियों और उपार्जन केंद्रों में है। खुले में रखे इस धान पर अब मौसम की मार और चोरी का खतरा मंडराने लगा है। हालांकि, प्रशासन द्वारा कैप कवर और तिरपाल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में धान को सुरक्षित रखना समितियों के लिए चुनौती बना हुआ है। अचानक बारिश होने पर तो करोड़ों का धान बर्बाद हो सकता है जिससे सीधे तौर पर सरकारी खजाने और किसानों की मेहनत को नुकसान होगा।

### 28 हजार की बढ़ी धड़कनें

जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेचने की अंतिम तिथि नजदीक आते ही किसानों की चिंता बढ़ गई है। अब केवल 4 दिन का समय बचा है, जबकि जिले के लगभग 28 हजार पंजीकृत किसानों ने अब तक अपना धान नहीं बेचा है। सोसायटियों में बढ़ती भीड़ से किसान परेशान हैं। कई केंद्रों पर टोकन कटने के बावजूद धान का उठाव धीमा होने से जगह की कमी हो रही है। किसान सुबह से ही मंडियों के चक्कर काट रहे हैं ताकि समय सीमा खत्म होने से पहले उनकी मेहनत की कमाई बिक जाए।



### जिले के किसानों का कहना, मंडी में जगहों की कमी

उपार्जन केंद्रों पर अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों में उठाव न होने को लेकर असमंजस की स्थिति है। सरायपाली क्षेत्र के किसान रामलाल कहते हैं, हमने अपनी मेहनत की फसल बेचने के इंतीजार कर रहे है, लेकिन केंद्र में जगह नहीं होने के कारण इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं बसना के किसान गजाधर ने बताया, धान का ढेर पहाड़ जैसा लग गया है। उठाव नहीं होने से धान सूख रहा है, जिससे वजन में कमी आने की आशंका रहती है। अगर समय पर उठाव नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में धान की नई आवक को रखने की जगह ही नहीं बचेगी। जिला मुख्यालय क्षेत्र के किसान धर्मेंद्र और हेमलाल ने भी अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सोसायटियों में जाम की स्थिति होने के कारण प्रबंधन को टोकन जारी करने में भी दिक्कतें आ रही हैं।

## विभागीय कार्रवाई : बिजली बिल जमा न करने वालों पर कार्रवाई

# 275 कनेक्शन काटे गए, 60 लाख से अधिक है बकाया राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अब बिजली का बिल समय पर जमा करना उतना ही जरूरी हो गया है, जितना मोबाइल रिचार्ज। जिस तरह रिचार्ज खत्म होते ही फोन की इनकमिंग बंद हो जाती है, ठीक उसी तरह छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने भी अब सख्त रुख अपना लिया है। जिले में बकाया वसूली को लेकर चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत बिजली विभाग ने 275 उपभोक्ताओं के कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिए हैं। विभाग द्वारा यह कार्रवाई 20 से 22 जनवरी के बीच की गई। अधीक्षण अभियंता वायके मनहर के मार्गदर्शन और कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा के नेतृत्व में टीमों ने जिले के चार प्रमुख वितरण केंद्रों में घर-घर जाकर बकाया राशि की जांच की।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन उपभोक्ताओं से वसूली करना था, जो लंबे समय से बिल जमा नहीं कर रहे थे। तीन दिनों की इस कार्रवाई में विभाग ने कुल 60 लाख 98 हजार 887 रुपये की बकाया राशि चिन्हित की थी। अधिकारियों ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि कोई उपभोक्ता विभाग द्वारा काटे गए कनेक्शन को खुद से जोड़ने की कोशिश करता है, तो इसे अपराध माना जाएगा। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत ऐसे व्यक्ति पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई (जेल) की जा सकती है। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे बिजली बिल को बोझ न समझें और हर महीने समय पर इसका भुगतान करें।



### लाइन काटे जाने के बाद जमा हुए 9 लाख रुपए

बिजली विभाग की इस कड़ी कार्रवाई का असर भी देखने को मिला। जैसे ही टीमों ने खंभों से बिजली काटी जिससे उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ी हुई है। इन वजहों के कारण कुल 275 प्रभावित उपभोक्ताओं में से 85 उपभोक्ताओं ने तुरंत बकाया राशि का भुगतान किया, जिससे विभाग के खजाने में 8 लाख 98 हजार 486 रुपये जमा हुए।

### क्षेत्रवार कार्रवाई का विवरण

विभाग ने अलग-अलग वितरण केंद्रों में बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जिसमें महासमुंद ग्रामीण यहां 112 उपभोक्ताओं पर 29.89 लाख रुपये बकाया थे। कृष्ण कुमार भोई, तेज प्रकाश चंद्राकर और बालाजी स्टोन जैसे कई बड़े नामों के कनेक्शन काटे गए। कार्रवाई के डर से 21 लोगों ने तुरंत 3.79 लाख रुपये जमा किए। बागबाहरा ग्रामीण व शहर ग्रामीण क्षेत्र में 60 और शहर में 26 उपभोक्ताओं की लाइन काटी गई। शहर में भान सिंह ठाकुर और तारेन चंद्राकर जैसे उपभोक्ताओं के नाम सूची में शामिल थे। यहां से कुल 3.77 लाख रुपये की वसूली मौके पर हुई। मुनगासेर वितरण केंद्र यहां 77 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, जिन पर 13.08 लाख रुपये बकाया थे।

# जिले में 414 प्रकरणों से संयुक्त टीम ने जब्त की 130577 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर सतत निगरानी

जिले में राजस्व, मंडी, खाद्य, सहकारिता एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर सतत निगरानी करते हुए कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 01 नवम्बर 2025 से 23 जनवरी 2026 तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय, राईस मिल भौतिक सत्यापन से संबंधित कुल 414 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें कुल 130577 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

कार्रवाई में धान संबंधित अवैध गतिविधियों के 376 प्रकरण शामिल है। इसी तरह 36 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें अनियमितता पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त 8 राइस मिलों में भौतिक सत्यापन के दौरान धान की कमी पाए जाने पर पृथक से प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसी तरह समितियों के भौतिक सत्यापन के दौरान 02 जब्त प्रकरण एवं एक धान कमी मात्रा से संबंधित प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर के निर्देशन में की गई इन कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप जिले में कुल 414 जब्त प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें संयुक्त टीम द्वारा अब तक कुल 130577.83 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसमें से जांच उपरांत 109298.64 क्विंटल धान वैध धान मालिकों को सुपुर्द किया गया है। वहीं 19301.99 क्विंटल धान पुलिस थाना एवं अन्य सक्षम प्राधिकरणों को सौंपा गया है तथा 1,977.20 क्विंटल धान के संबंध में नियमानुसार अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा है कि जिले के प्रमुख मार्गों, अंतर्राज्यीय जांच चौकियों, राइस मिलों एवं धान उपार्जन केंद्रों पर टीम द्वारा निरंतर निरीक्षण एवं निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। ताकि, अंतरराज्यीय अवैध धान परिवहन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए हैं।



## नगर में शोभायात्रा के साथ राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की मनाई गई वर्षगांठ

**महासमुंद।** अयोध्या राम मंदिर की वर्षगांठ पर गुरुवार को नगर में भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने भगवा ध्वज लहराया और जय श्री राम के उद्घोष से माहौल को भक्तिमय कर दिया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कई जगह आरती कर प्रभु राम का स्वागत किया गया। भक्तिमय भजनों और झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। उत्सव के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। नगर में शोभायात्रा के साथ राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाई गई।

### ट्रैक्टर की टक्कर से तीन साल की बच्ची की मौत, पिता घायल

**महासमुंद।** गुरुवार को भंवरपुर खुसरूपाली रोड के पास एक ट्रैक्टर की टक्कर ने बाइक को टक्कर मार दिया। घटना में तीन साल की बच्ची की मौत हो गई, वहीं बच्चे के पिता गंभीर तौर पर जख्मी हो गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है मिली जानकारी के दशरथ खुंटे पिता दिलीप सिंह खुंटे (25 वर्ष) सतनामीपारा भंवरपुर 22 जनवरी को अपनी मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 28 5231 से अपनी बेटी दिव्यानी खुंटे (03 वर्ष) के साथ खेत खुसरूपाली रोड की ओर से भंवरपुर आ रहा था। करीब 11 बजे खुसरूपाली मोड़ भंवरपुर पहुंचने पर सामने से मरून कलर के आईसर ट्रैक्टर बिना नंबर के चालक अपने वाहन से उसके मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वह और उसकी लड़की दिव्यानी खुंटे बाइक सहित नीचे गिर गए। ये एक्सीडेंट होने से मेरी बेटी दिव्यानी खुंटे को गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई।

# विद्युत सुरक्षा कार्यशाला में तकनीकी कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ



**महासमुंद।** विद्युत सुरक्षा को लेकर स्थानीय सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता (रायपुर ग्रामीण क्षेत्र कार्यालय) केएस भारती, अधीक्षण अभियंता (रायपुर ग्रामीण क्षेत्र) एमएल साहू, अधीक्षण अभियंता (महासमुंद वृत्त) वाईके मनहर, कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा सहित अन्य अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता एवं समस्त तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता केएस भारती द्वारा विद्युत कार्य के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने विद्युत लाइनों में कार्य करते समय बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा मानक प्रक्रियाओं का पालन करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर विद्युत सुरक्षा सूत्रों से संबंधित पत्रक का वितरण किया गया एवं सभी तकनीकी कर्मचारियों को विद्युत घातक एवं अघातक दुर्घटनाओं से बचाव हेतु शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य भविष्य में होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं को रोकना एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यशाला में महासमुंद संभाग अंतर्गत समस्त तकनीकी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक भी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से लिया निर्णय

# शराब दुकानों के सामने से हटाए जाएंगे अवैध चखना सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के सितली नाला स्थित शराब दुकान के पास हुई हत्या के मामले के बाद पालिका द्वारा यहां पर संचालित अवैध चखना सेंटरों को हटाए जाने की कार्रवाई की तैयारी में है। इसके लिए उन्हें चिन्हांकित कर नोटिस भेजे जाने की तैयारी है। नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई परिषद की बैठक में पारित हुए सर्वसम्मत निर्णयों में में शहर के शराब दुकानों के आसपास संचालित चखना सेंटरों को हटाने का निर्णय भी शामिल है।

पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि गत दिनों शहर के सितली नाला के समीप शराब दुकान में घटित दुःखद घटना को देखते हुए यह आवश्यक है कि अवैध रूप से संचालित चखना सेंटरों को हटाया जाए। इन चखना दुकानों में असामाजिक तत्वों द्वारा डेरा डालकर आए दिन अप्रिय घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। आसपास के रहवासियों द्वारा भी कई बार शिकायत मिली है। अतः जन सुरक्षा को देखते हुए यह आवश्यक है कि तत्काल चखना सेंटरों पर कार्रवाई किया जाए। अध्यक्ष के इस निर्णय का परिषद में उपस्थित समस्त सदस्यों ने स्वागत किया तथा सर्वसम्मति से इस कार्य को कराए जाने सहमति दी। इसके अलावा आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर शहर के समस्त चौक-चौराहों की साफ सफाई कराए जाने का प्रस्ताव भी परिषद में पारित किया गया। अध्यक्ष साहू ने परिषद के सदस्यों के समक्ष शहर विकास व जनहित के विभिन्न मुद्दों को भी रखा, जिस पर सकारात्मक चर्चा पश्चात सर्वसम्मति बनी।



### यह रहे बैठक में उपस्थित

परिषद की बैठक में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सूरज नायक, जय देवांगन, गुलशन साहू, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव सहित पार्षदगण पवन पटेल, मुस्ताक खान, शुभ्रा मनीष शर्मा, ओमिन टोमन कागजी, नीरज चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता टोंडेकर, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, बड़े मुन्ना देवार, भाऊ राम साहू, पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनधर सोनवानी, सीएमओ अशोक सलामे तथा पालिका के कर्मचारीगण उपअभियंता साधना अहिरवार, सफाई प्रभारी दिलीप चंद्राकर, परिषद लिपिक करण यादव, जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकर, विद्युत प्रभारी सीताराम तेलक, लेखापाल यशवंत देवांगन, नरेश ध्रुव, पेंशन प्रभारी जितेंद्र महंती आदि उपस्थित थे।

# जूनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप तमिलनाडु में शामिल होंगे जिले के 6 खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय बाल बैड़मिंटन संघ द्वारा 70वीं जूनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन चैंम्पियनशीप 2025-26 का आयोजन तमिलनाडु में 28 जनवरी से 01 फरवरी तक आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में महासमुंद जिले से 6 खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ टीम में चयन हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम 23 से 25 जनवरी तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के पश्चात 26 जनवरी को बिलासपुर से रवाना होगी।

छत्तीसगढ़ राज्य दल में जिले के बालक टीम में हिमांशु तिवारी पिता स्व. रोहित तिवारी, ओम प्रकाश ध्रुव पिता भारत ध्रुव, डोमेश साहू पिता उत्तम साहू एवं बालिका टीम में रुखमणी साहू पिता स्व. परस राम साहू, दामिनी कहार पिता कमलेश कहार, हिना चक्रधारी पिता शिवनारायण शामिल हैं। सभी खिलाड़ी ग्राम पंचायत बेमचा एवं मिनी स्टेडियम महासमुंद में डा. सेवन दास मानिकपुरी एवं अंकित लूनिया के माध्यम से नियमित अभ्यास करते है। इससे पहले राज्य स्तरीय बाल बैड़मिंटन प्रतियोगिता पलारी बलौदाबाजार में आयोजित था, जिसमें जिले की बालक एवं बालिका टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं, जिसके आधार पर खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजनांतर्गत बेमचा संस्था को खेल सामग्री प्रदाय किया गया है। यह खिलाड़ी पिछले कई वर्षों से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा खेल मैदान में अपनी प्रारंभिक अभ्यास करते हुए कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होकर पदक जीतने में सफल हुए है।



**खबर संक्षेप**

### आत्मरक्षा प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में शिथिलता, 27 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** जिले में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की 183 शालाओं में आत्मरक्षा प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए आमंत्रित आवेदनों के संदर्भ में विभागीय अफसरों ने बताया है कि समिति द्वारा नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए एक अभ्यर्थी को दो विद्यालयों में आवेदन करने के लिए पात्र किया गया है। साथ ही ब्राउन बेल्ट प्राप्त अभ्यर्थियों को शामिल किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### गौरवपूर्ण इतिहास के लिए जाना जाता है निषाद समाज : अमर

**महासमुंद।** ग्राम चिरको में भक्त गुहा निषाद राज जयंती कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी को किया गया। सुबह पूजा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीरामचंद्र और भक्त निषाद राज की पूजा कर समाज व गांव की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि निषाद समाज अपने गौरव पूर्ण इतिहास के लिए जाना जाता है। रामायण काल में भगवा राम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण को नदी अपने नाव पर बैठा कर पार कराने वाले निषाद राज, जो निषादों के राजा के रूप में पूजे जाते हैं, भगवान राम के परम मित्र के रूप में पूरे विश्व में जाने जाते हैं। निषादों का लम्बा इतिहास रहा है। सामाजिक एक जुटता के संग आज वर्तमान भविष्य को तैयार करने के लिए समाज के बीच शिक्षा का प्रचार-प्रसार आवश्यक है। बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ सामाजिक ज्ञान भी देना चाहिए। ताकि, आने वाले समाज की नींव बन सके। साथ ही समाज के युवा पीढ़ी को भी आगे आने की जरूरत है क्योंकि सामाजिक संरचना युवा ही मजबूत कर सकते हैं।

**जायजा:** जिले में कुल 8 लाख 53 हजार 913 मीट्रिक टन धान की खरीदी पूर्ण

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी एवं तेंदूकोना का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले में धान खरीदी कार्य को पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से जारी रखने के लिए लगातार सघन दौरा किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने धान खरीदी केंद्र तेंदूकोना बागबाहरा एवं कुरचुंडी बसना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उठाव की स्थिति, दैनिक खरीदी लक्ष्य एवं लंबित पंजीकृत किसानों की जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, बागबाहरा एसडीएम नमिता मारकोले, समित प्रबंधक, सहकारी समिति के कमर्चारी एवं कृषक गण मौजूद थे।



कलेक्टर लंगेह ने समिति प्रबंधकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करते हुए धान खरीदी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शेष दिनों में धान विक्रय के लिए बचे हुए किसानों को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी का कार्य सुचारू और पारदर्शिता के साथ संपन्न किए जाए। साथ ही नोडल अधिकारी अपने-अपने केंद्रों में भौतिक सत्यापन कर किसानों से शेष रकबा समर्पण के लिए प्रोत्साहित करें। केंद्रों पर समिति प्रबंधन सतत निगरानी बनाए रखे तथा अवैध धान विक्रय पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही धान की गुणवत्ता संबंधी आपत्तियों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया जाए।

कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को निर्देश दिए कि धान खरीदी से संबंधित ऑनलाइन एंट्री उसी दिन पूर्ण की जाए, किसी भी स्थिति में लंबित न रखी जाए। खरीदी समाप्ति के साथ ही तत्काल समापन रिपोर्ट, भौतिक सत्यापन एवं अभिलेख मिलान सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर कमीशन, अवैध वसूली या अनधिकृत रोक-टोक की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र पर उपस्थित किसानों से सीधे चर्चा करते हुए कहा कि किसानों को अंतिम दिनों में आने वाली समस्याओं का तत्काल सुनवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। महासमुंद जिले में 23 जनवरी की स्थिति में 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 8 लाख 53 हजार 913 मीट्रिक टन धान की खरीदी किया जा चुका है। अब तक कुल 5 लाख 18 हजार 507 मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी हो चुका है। जिसके विरूद्ध 2 लाख 97 हजार 457 मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। अब तक एक लाख 33 हजार 942 किसानों द्वारा धान का विक्रय कर लिया गया है, जो पंजीकृत किसानों की संख्या का 84 प्रतिशत हैं।

## रायपुर संभागायुक्त ने बिरकोनी में पैरा आर्ट प्रशिक्षण का किया समापन



**महासमुंद।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत महासमुंद जिले के बिरकोनी में आयोजित महिला समूहों के पैरा आर्ट प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर रायपुर संभाग के संभागायुक्त महादेव कावरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने महिला समूहों द्वारा धान के पैरा से बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार और बिरकोनी के सरपंच उपस्थित थे। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 32 महिलाओं ने भाग लिया। सहेली हस्तशिल्प नवागढ़ की टीम द्वारा महिलाओं को धान के पैरा से विभिन्न आकर्षक कलाकृतियां और सजावटी सामान बनाने का गहन प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण वेस्ट टू वेल्थ (कचरे से कंचन) की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक कदम है। समापन अवसर पर संबोधित करते हुए संभागायुक्त कावरे ने कहा कि केवल प्रशिक्षण लेना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत से इसे आजीविका का साधन बनाना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत के साथ प्राप्त किए गए इस हुनर को भूलना नहीं है। आप सभी को यह लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए कि इस कला के माध्यम से आप प्रति माह कम से कम 6 से 7 हजार रुपये की अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकें। उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के संबंध में संभागायुक्त ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि इन कलाकृतियों की बिक्री के लिए आधुनिक तकनीकों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाना चाहिए। राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इन उत्पादों के स्टॉल लगाने और उन्हें प्रदर्शित करने का सुझाव दिया।

## बारनवापारा अभ्यारण्य में टाइगर इस्टीमेशन कार्य में छात्रों की सहभागिता, वालंटियर्स को मिला प्रमाण पत्र

**पिथौरा।** बारनवापारा वन अभ्यारण्य में वर्ष 2026 में संपन्न ऑल इंडिया टाइगर इस्टीमेशन कार्य में बलौदाबाजार जिले के लवन महाविद्यालय के बीएससी भाग-तीन के छात्र-छात्राओं ने वालंटियर के रूप में सक्रिय सहभागिता निभाई। निर्धारित मापदंडों एवं शर्तों के तहत महाविद्यालय के 9 छात्र-छात्राएं 13 जनवरी से 21 जनवरी तक इस महत्वपूर्ण वन्यप्राणी गणना अभियान में सम्मिलित रहे।



अभियान के समापन अवसर पर 21 जनवरी को बारनवापारा अभ्यारण्य के अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर द्वारा सभी वालंटियर छात्र-छात्राओं को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर अधीक्षक चंद्राकर ने कहा कि ऑल इंडिया टाइगर इस्टीमेशन जैसे राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण में सहभागिता से विद्यार्थियों को विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मैदानी अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण तथा संवर्धन के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अधिकारी बारनवापारा, कोठारी परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल साहू तथा सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गीतेश बंजारे सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सहभागी रहे छात्र-छात्राओं में लीलावती वर्मा, सरोजनी साहू, हेमलता बंजारे, उर्वशी साहू, काजल वर्मा, पंकज साहू, स्नेहा पटेल, कोमलेश्वरी वर्मा और मुस्कान साहू को प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया।

**मिलन समारोह**



**सांकरा।** अखिल भारतीय अघरिया समाज सांकरा जोंक के तत्वावधान में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को सामाजिक बंधुओं का मिलन समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भगवान कृष्ण एवं रामलला की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें सांकरा के समस्त अघरिया समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विविध कार्यक्रम नृत्य, माला सजाओ प्रतियोगिता, आरती थाल प्रतियोगिता, कलश सजाओ प्रतियोगिता व खेल प्रतियोगिता में गेंद फेंको, कुर्सी दौड़, हांडी फोड़ इत्यादि हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक लोगों से आपसी प्रेम संबंध बनाए रखना, आपसी भाईचारे विकसित करना था। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। जिसमें लोग बड़े उत्साह के साथ शामिल होते है। अंत में पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सिंघनपुर में नवीन हाट बाजार की शुरुआत



**झलप।** ग्राम पंचायत सिंघनपुर के सरपंच झाल बाई राय ने ग्राम सिंघनपुर में नवीन हाट बाजार प्रत्येक गुरुवार को स्थापित करने की घोषणा की थी, जिसकी गुरुवार को विधिवत रूप से शुरुआत हो गई। आज सुबह हुए कार्यक्रम में देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर हाट बाजार का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों ने सरपंच का आभार प्रकट किया और उन्हें भविष्य में भी जनता से जुड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू, सराईपाली सोसाइटी अध्यक्ष देवेंद्र राय, सरपंच झालबाई राय, वार्ड पंच व ग्राम प्रमुख लालजी भारती, सुंदर कुर्रे, हिराला साहू, दीनदयाल योगी, लखन ध्रुव, पूरन कोसरिया, बेदराम निषाद, भारत टंडन, रूपसिंग निषाद, हेमलाल साहू, ललित निषाद, कौशल साहू, गोवर्धन आवड़े, अर्जुन कोसरिया, दुष्यंत दीवान, भोजराम आवड़े,जया आवड़े, संध्या कुर्रे, उगेश्वरी निषाद, टीकम राजपूत, परागा बाई एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी संस्थानों में दिलाई गई शपथ

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 पर जिले में शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रम, स्कूल-कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में मतदान के अधिकार, कर्तव्य और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी एवं जागरूक किए जाने के लिए संकल्प एवं शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी संस्थानों में मतदाताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव में भाग लेने तथा धर्म, जाति, भाषा आदि किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करने का संकल्प लिया। विद्यालयों और महाविद्यालयों में मतदाता जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए वाद-विवाद, निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली और गीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को मतदाता की शपथ दिलाकर लोकतंत्र के प्रति उनके दायित्वों एवं अधिकारों को समझने और आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नए मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए गए और बूथ-लेवल अधिकारियों, हेल्प-डेस्क मैनेजर्स तथा अन्य कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया।

# अपर कलेक्टर ने पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

## छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 01 को, व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- दो पालियों में आयोजित की जाएगी शिक्षक पात्रता परीक्षा, प्रशासन ने की तैयारी

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार 01 फरवरी 2026 को दो पालियों में जिला मुख्यालय महासमुंद में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें 10 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 2524 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी तरह द्वितीय पाली में परीक्षा दोपहर 03 बजे से शाम 05:45 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें निर्धारित 17 परीक्षा केंद्रों में 4440 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू परीक्षा संचालन के लिए अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा ने पर्यवेक्षकों एवं केंद्राध्यक्षों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नोडल अधिकारी सहायक प्राध्यापक अजय राजा एवं पर्यवेक्षक मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण सुनिश्चित किया जाए। प्रवेश द्वार पर व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार कड़ाई से चेकिंग व्यवस्था हो तथा प्रतिबंधित सामग्री बिल्कुल न ले जाने दी जाए। परीक्षार्थियों के प्रवेश, बैठने व्यवस्था एवं प्रश्नपत्र वितरण में समय पालन का विशेष ध्यान रखा जाए। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी, सुरक्षा बल, पेयजल व प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया में पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता और संयम का पालन कर परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। उन्होंने बताया कि व्यापम द्वारा इस संबंध में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा है, ताकि परीक्षा दिवस में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा दिवस में उन्हें स्थान ढूंढने में कोई कठिनाई न हो।



परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे। ताकि फ्रिस्किंग तथा फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। चूंकि परीक्षा दो पालियों में आयोजित है, प्रथम पाली में परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी, इसलिए प्रवेश द्वार सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसी तरह द्वितीय पाली में परीक्षा दोपहर 03 बजे प्रारंभ होगा, इसलिए प्रवेश द्वारा दोपहर 02:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी, तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पूरी तरह वर्जित होंगे। सामान्य बिना पॉकेट स्वेटर की अनुमति है, जिसे सुरक्षा जांच के दौरान उतारकर दिखाना आवश्यक होगा। ऐसे अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करने कहा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा जांच के उपरांत ही उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में केवल चप्पल पहनकर आएं। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित है। सुरक्षा जांच के दौरान कोई छूट नहीं दी जाएगी। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना प्रतिबंधित है। किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा उसकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में केवल काले या नीले रंग के बॉल प्वाइंट पेन लाने की अनुमति होगी।

**स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए आज भी प्रेरणास्त्रोत, महासमुंद में विविध शिक्षण**

# शिक्षा के क्षेत्र में अशासकीय संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा के क्षेत्र में अशासकीय शिक्षण संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महासमुंद जिले में अनेक शिक्षण संस्थाएं शिक्षा के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं, जिनमें ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर एक पुरानी एवं प्रतिष्ठित संस्था है। यह विचार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचारों का विकास होता है। स्वामी विवेकानंद ने हिंदुत्व को विश्व पटल पर स्थापित करने का कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप आज संपूर्ण विश्व में हिंदू धर्म को श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने युवाओं से समाज में फैली अशिक्षा और कुरीतियों को दूर करने के लिए एक वर्ष समर्पित करने का आह्वान किया था, जिससे शिक्षा का प्रसार हो और सामाजिक बुराइयों का अंत किया जा सके।



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष ऐतराम साहू ने की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को समाज सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित विवेकानंद सेवा केंद्र देश के कई राज्यों में शिक्षण संस्थानों एवं चिकित्सालयों का संचालन कर पिछड़े एवं वनवासी क्षेत्रों में निःशुल्क सेवा प्रदान कर रहे हैं।विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जॉर्ज रावटे ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम में नगर की अनेक शिक्षण संस्थाओं ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, न्यू होली फेथ हायर सेकेंडरी स्कूल, देव संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, ब्लेलॉक हायर सेकेंडरी स्कूल, एम विद्या मंदिर स्कूल, आदर्श गुरुकुल, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भलेसर, स्व. नीलकंठराव सावरकर स्कूल, पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत धार्मिक एवं राष्ट्रीय गीतों पर आधारित समूह एवं एकल नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, दाऊलाल चंद्राकर, डॉ. विमल चोपड़ा, राकेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र महोबिया, पवन पटेल, रमेश साहू, शरद मराठा, पीयूष साहू, राजू चंद्राकर, मंगेश टांकसाले, सेवन चंद्राकर, चमन चंद्राकर, आनंद साहू, संदीप घोष, महेंद्र सिक्का एवं खैरा के सरपंच प्रियांशु चंद्राकर सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीषा ध्रुव एवं गरिमा साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संचालक माधव टांकसाले, पूजा सिन्हा एवं संध्या साहू ने किया।

अंत में संस्था की प्रमुख अंजलि सिन्हा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी शिक्षण संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शांत्रीबाई महाविद्यालय में मतदाता पुनरीक्षण जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**महासमुंद।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने के उद्देश्य से शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में मतदाता पुनरीक्षण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय में रैली, मानव श्रृंखला, मतदाता शिविर आयोजन, मतदाता जागरुकता शपथ, रंगोली, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रम किया जाना प्रस्तावित है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनभागीदारी बढ़ाने एवं नागरिकों को मतदाता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से महाविद्यालय द्वारा मानव श्रृंखला जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण, मतदान का महत्व तथा योग्य नागरिकों द्वारा अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर मानव श्रृंखला बनाते हुए पहले मतदान, फिर जलपान, मेरा वोट मेरा अधिकार जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थियों एवं नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, संशोधन कराने तथा पता परिवर्तन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने आगे कहा कि सही एवं अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने मतदाता विवरण की जांच कर समय रहते आवश्यक सुधार कराए। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर ने कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींव होता है। प्रत्येक नागरिक को अपने मतदाता विवरण की जांच कर आवश्यक संशोधन समय पर कराना चाहिए तथा मतदान के दिन शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, हीना चंद्राकर, रेशम साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, गोविंद श्रीवास, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय बालिका दिवस

**महासमुंद।** भारत देश में हर साल 24 जनवरी के दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में राष्ट्रीय बालिका दिवस का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना के लिए मनाया जाता है। जिसके अंतर्गत सशक्त बालिका, सुरक्षित भविष्य देश के शिक्षक ने इस बालिका दिवस को संस्कार को बारे में बताते हैं। बेटियों के लिए समान अवसर और लिंग भेदभाव को कम करने के लिए समर्पित है।

### भुरकोनी मंडल अध्यक्ष बने घनश्याम धांधी

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी के पूर्व सरपंच घनश्याम धांधी को कांग्रेस पार्टी द्वारा भुरकोनी मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। धांधी लंबे समय से कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हुए हैं तथा पूर्व सरपंच रहते हुए उन्होंने जनहित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनता ने हर्ष जताते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा।

### साराडीह स्कूल में हुई पालक-शिक्षक की बैठक

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला साराडीह में शिक्षक, पालक एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक हुई। जिसमें साल के प्रधान पाठक मंजू चंद्राकर द्वारा बच्चों के छिमाही परीक्षा के बारे में एवं वार्षिक उत्सव तथा अनियमित बच्चों को स्कूल लाने के लिए चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष सीमा साहू, उपाध्यक्ष ऋतु साहू, सदस्यगण उर्मिला साहू, रेखा साहू, लेख राम चतुर्वेदी, खुमन साहू एवं पालक तथा सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 5 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेलसोंडा के मृतक भारत ध्रुव की माता नंदिनी ध्रुव के लिए एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम रक्शा के मृतक शोभाराम पांडे की पत्नी गोमती पांडे के लिए, ग्राम छिंदपाली के मृतक राकेश साहू की पत्नी देवकुमारी के लिए व ग्राम अमरकोट के मृतक रामलाल भोई की पत्नी देमोती के लिए तथा आग में जलने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत गंजपारा वार्ड 10 की मृत्तिका लक्ष्मी पाटकर के पति दुर्गा प्रसाद पाटकर के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# बैठक में धान के बदले दलहन-तिलहन व मिलेट फसलों के रकबा विस्तार पर दिया जोर

▪ जिले में रागी प्रोसेसिंग यूनिट तथा तेल प्रसंस्करण इकाई की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि उपसंचालक एफआर कश्यप, जिले के समस्त विकासखंड अधिकारी, सभी किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में धान के स्थान पर दलहन-तिलहन, रागी एवं मक्का जैसी कम पानी वाली फसलों के रकबा विस्तार के लक्ष्य की पूर्ति के लिए निर्देश दिए गए। जिले में रागी प्रोसेसिंग यूनिट को शीघ्र पूर्ण करने तथा तेल प्रसंस्करण इकाई की प्रगति की समीक्षा की गई। रबी मौसम में धान फसल को हतोत्साहित करते हुए किसानों को तुलनात्मक आर्थिक लाभ के साथ वैकल्पिक फसलों के प्रति जागरूक करने



हेतु क्षेत्रीय प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर अन्य फसलों के जैविक उत्पादन पर विशेष जोर दिया गया। स्वयं से जैविक खेती करने वाले किसानों की सूची तैयार करने तथा ऐसे किसानों के उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर चावल सहित अन्य उत्पादों के रूप में प्रसंस्करण, ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग कर राज्य के बाहर एवं विदेशों में विक्रय करने के निर्देश एफपीओ को दिए गए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। जिले के सभी किसान उत्पादक संगठनों को एक उत्पाद-एक नाम चयन कर स्थानीय बाजार एवं निर्यात के लिए उत्पाद विकसित करने के निर्देश दिए गए। मिलेट फसलों विशेषकर रागी से मिलेट दलिया, मिलेट मूसली, मिलेट स्टिक सहित अन्य खाद्य उत्पाद तैयार कर विपणन की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, दलहन-तिलहन फसलों की बीज बोनी एवं उत्पादन बढ़ाने, स्थानीय स्तर पर उपज उपलब्ध कर तिलहनी फसलों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर बल दिया गया। पशुपालन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन एवं दुग्ध उत्पादों के विकास में महिला स्व-सहायता समूहों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

## जायजा : कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में मौजूद किसानों से की बातचीत

# धान खरीदी केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण तौल में गड़बड़ी मिलने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को लेकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार 23 जनवरी को कलेक्टर ने अंकोरी एवं कुरचुंडी धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य खरीदी प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति जानना एवं किसानों को हो रही समस्याओं की प्रत्यक्ष पुष्टि करना रहा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने खरीदी केंद्र में मौजूद किसानों से सीधे आमने-सामने बातचीत कर पूछा कि धान बिक्री के दौरान उन्हें किन-किन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने तौल, लिमिट, भुगतान एवं उठाव से जुड़ी समस्याएं खुलकर अधिकारियों के समक्ष रखीं।

कलेक्टर के सामने मौके पर ही धान की तौल कराई गई, जिसमें तौल का वजन



40.700 किलो, 40.800 किलो, 40.900 किलो तथा 41.00 किलो तक पाया गया। निर्धारित मानक से अधिक तौल पाए जाने पर कलेक्टर ने स्पष्ट नाराजगी जताई और तत्काल जांच टीम गठित कर दोषियों पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए धान का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर कलेक्टर के साथ उप कलेक्टर, जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव, तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू, नायब तहसीलदार प्रकृति सिंह, बसना एसडीएम हरिशंकर पैकरा, आरआई, आरआई राकेश साहू, पटवारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं बड़ी संख्या में किसान भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

निरीक्षण उपरांत पत्रकारों से बातचीत के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि धान खरीदी को सरल, सुगम एवं पारदर्शी बनाने के लिए लगातार दौरे कर जांच की जा रही है। जहां भी गड़बड़ी सामने आएगी, वहां तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि राइस मिलों में रीसाइकिल प्रक्रिया की पीवी जांच कराई जा रही है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसानों को बिना किसी परेशानी के उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो।

## जिले में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के सभी विकासखंड इकाईयों का निर्वाचन आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ महासमुंद जिले के सभी विकासखंड इकाई का निर्वाचन सभी ब्लाक मुख्यालय क्रमशः महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली में आज संपन्न होगा। निर्वाचन प्रभारी उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि पूर्व से संगठन के संविधान के अनुसार निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि सभी निर्वतमान विखं अध्यक्षों एवं निर्वाचन अधिकारी से चर्चा की जा चुकी है। संगठन की मजबूती को ध्यान में रखते हुए आपसी विचार विमर्श जारी है उम्मीद है कि मतदान की स्थिति निर्मित नहीं होगी। यदि मतदान की स्थिति निर्मित हुई तो इसके लिये भी तैयारियां की जा चुकी है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी प्रमुख संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले, अशोक शर्मा चंद्रहास पात्र, यूके दास, ने सभी सदस्यों से अपील की है कि अपने अपने ब्लाक मुख्यालय के मतदान स्थल पर पहुंच कर संगठन की मजबूती के लिए अपना योगदान दें। निर्वाचन प्रभारी सेन ने कहा है कि निर्वाचन में अधिक से अधिक एलबी संवर्ग के साथियों को अवसर प्रदान करते हुए जिम्मेदार पद के लिए निर्वाचित किया जाएगा। आज के निर्वाचन में प्रमुख रुप से विकासखंड अध्यक्ष सचिव, कोषाध्यक्ष, सह सचिव सहित 15-15 पदाधिकारियों का चुनाव होगा। सभी विकासखंडों के लिये प्रत्याशी द्वारा भरे जाने वाला नामांकन पत्र प्रारुप-2 प्रस्तावक द्वारा भरे जाने वाला नामांकन पत्र प्रारुप-1 एवं निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रारुप 3 एवं निर्धारित राशि के लिये रसीद इत्यादि प्रेषित किया जा चुका है। उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के लिए सरायपाली के लिए निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी व जिला पर्यवेक्षक सीएल पुहुप, अशोक साहू एवं चंद्रहास पात्र होंगे। बसना के लिए सुशील कुमार सिन्हा, ध्रुव कुमार बारिक, अशोक शर्मा, पिथौरा के लिए आरके पुरोहित, शंभू शंकर मिश्रा, यूके दास, बागबाहरा के लिए महेंद्र सिंह मरकाम, केवल राम टंडन, ज्योतिष चौधरी एवं महासमुंद के लिए मानिक साहू, भगोलीराम साहू, राजेंद्र इंगोले को जिम्मेदारी दी गई है। संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने सभी शिक्षक सदस्यों से अपील की है कि विखं स्तर पर सशक्त एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले पदाधिकारियों के चुनाव कार्यक्रम में हिस्सा लें।

# रकबा सुधार और भौतिक सत्यापन के नाम पर भ्रम फैला रहे: अंकित

## भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और धान ना खरीदने हेतु भाजपाई षड्यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि बार-बार भाजपा सरकार किसानों का धान ना खरीदना पड़े, इसके लिए बहाना बना रही है और रकबा समर्पण और दूसरे राज्यों से इन्हीं के कर्मचारियों के सहयोग से आने वाले धान को पकड़-पकड़ के फोटो खिंचवाकर अखबारों में छपवा रही है। पर, कितने हजार किसानों ने रकबा सुधार का आवेदन दिया है, जो लंबित है, कितने किसानों का भौतिक सत्यापन किया गया जो सहीं है और टोकन काटना बचा है उस बारे में बताने से सरकार बच रही है। अंकित ने बताया कि उनके पास दो किसानों का तो प्रमाण है कि उनका रकबा सुधार हेतु 16 जनवरी से पत्र गया हुआ है। परंतु आज दिनांक तक नहीं सुधरा। अंकित ने बताया कि कोमाखान तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम खुसरूपाली के किसान छन्ना पिता बिजुल चंद्राकर के दो खसरे हैं, जिसमें से एक 1.32 हेक्टेयर मात्र .21 हो गया। कृषक की मांग पर दो बार पटवारी ने





मौके पर जाकर मुआयना कर अपने पोर्टल में सुधार दिया और नहीं सुधार आने पर जिला कार्यालय में पत्र 16 जनवरी से लंबित है। अंकित ने बताया कि कृषक छन्ना लकवाग्रस्त है, जिससे सभी काम उनकी एकमात्र बेटी देखती है, थक कर उसने अपना धान पैसे की जरूरत ओर कुछ बाहर बेचा और सोसाइटी में मात्र 20 क्विंटल ही बिका। दूसरा मामला एक आदिवासी किसान का भौतिक सत्यापन होने के बाद भी नहीं सुधरा। अंकित ने बताया किसान का वास्तविक रकबा 6.43 होने के बाद भी रकबा 6.29 हेक्टेयर माना गया। पहला टोकन 115 क्विंटल का काटा, अब अगला टोकन कटना है और भौतिक सत्यापन में 150 क्विंटल धान पाए जाने के बाद भी मात्र 22 क्विंटल का टोकन ही काटा जाने का सिस्टम दिखा रहा है, जिसका भी पत्राचार जिला कार्यालय में लंबित है। अंकित ने बताया कि ये दोनों उदाहरण इस बात के जीते जागते प्रमाण हैं कि सरकार वास्तविक किसानों का धान नहीं खरीदना चाह रही हो सकता है कि भाजपाई बिचौलियों का ही धान खपाने की तैयारी हो। अंकित ने शासन से मांग की कि धान खरीदी की तारीख बढाई जाए।

# पुरानी सेवा अवधि की गणना नहीं, सेवानिवृत्ति पश्चात पाई-पाई के लिए मोहताज शिक्षाकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पूर्ववर्ती शासन की योजना से शिक्षाकर्मी बने हजारों युवा शासन के ही निर्देश से शिक्षक पंचायत बने, फिर शासन ने ही उनका शिक्षा विभाग में संविलियन कर शिक्षक का सम्मान दिया और अब सेवानिवृत्ति पर वही आर्थिक संकट। शासन द्वारा पुरानी पेंशन के स्थान पर अंशदायी पेंशन योजना लागू कर सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन पर बड़े-बड़े दावे किए गए। पूर्ववर्ती सरकार ने फिर पुरानी पेंशन योजना लागू की पर वही ढांक के तीन पात। संविलियन की तरह ही पुरानी पेंशन कई तकनीकी दुखों से भरी हुई है। जुलाई 2018 में संविलियन तो हुआ और पुरानी सेवा अवधि की गणना भी हुई। लेकिन, क्रमोन्नति के लिए, पदोन्नति के लिए, पुरानी पेंशन सहित अन्य और कर्मचारी सुविधाओं के लिए प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना न करना, बार-बार निवेदन के बाद भी सरकारी मौन ने पूर्व शिक्षाकर्मी संवर्ग, वर्तमान शिक्षक एलबी संवर्ग को नौकरी पूर्ण करने के पश्चात वृद्धावस्था के कठिनतम जीवन के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर कर दिया है। नवीन पेंशन योजना में जीवन भर की सेवा पश्चात 1 हजार से 2 हजार की पेंशन और पुरानी पेंशन नीति में न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा पर न्यूनतम पेंशन और 10 वर्ष की सेवा पूर्ण न होने पर शून्य पेंशन का प्रावधान है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महासमुंद नारायण चौधरी, प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, शोभा सिंहदेव, पूर्णानंद मिश्रा, केशवराम साहू, अर्चना तिवारी, राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू, लालजी साहू, सादराम अजय, विजय प्रधान, नंदकुमार साहू, प्रदीप वर्मा, नरेश पटेल, कौतुक पटेल, लोरिश कुमार, दीपक देवांगन, दिलीप नायक, वीरेंद्र नर्मदा, खोशिल गेंद्रे, पुष्पलता भार्गव, मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, पवन साहू, विकास साहू, जगदीश सिन्हा, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, राधेश्याम पटेल, मोहन साहू, गौरीशंकर पटेल, सोमनाथ चौहान, कौशल साहू, महेंद्रपाल साहू, वारिश कुमार, देवेंद्र भोई, कैलाशचंद्र पटेल, नरेश बारीक ने कहा कि संविलियन पूर्व की 20 वर्षों की सेवा शून्य किए जाने एवं संविलियन तिथि 1 जुलाई 2018 से सेवा अवधि की गणना किए जाने से न्यूनतम पेंशन के लिए 10 वर्ष की पात्रता पूरी नहीं करने के कारण कोयलीबेड़ा विकासखंड के जैनुलाल राना व्याख्याता की अंतिम महीने में 92 हजार वेतन था, अब जीरो पेंशन में रिटायर हुए है। यही स्थिति पारुल दोहरे प्रधान अध्यापक प्राशा, मलिना दास प्रधान अध्यापक प्राशा, महादेव नरेटी प्रधान अध्यापक प्राशा पाड़ेंगा को 27 वर्षों की सेवा देने के बाद बगैर पेंशन रिटायरमेंट को मजबूर होना पड़ा है। यही स्थिति कमोबेश सेवानिवृत हो रहे एलबी संवर्ग के प्रत्येक शिक्षक की है। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार पूर्ण पेंशन के लिए 33 वर्ष की सेवा तथा न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा पर अनुपातिक पेंशन का प्रावधान है। लेकिन संविलियन तिथि 1 जुलाई 2018 से सेवा की गणना किए जाने के कारण 2018 से पहले नियुक्त शिक्षक न्यूनतम पात्रता को भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं, परिणामस्वरुप सेवानिवृत्ति के पश्चात शिक्षकों और उनके परिजनों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से 1998 व 2005 से नियुक्त शिक्षकों के लिए पेंशन अब केवल एक सपना बनकर रह गई है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मांग की है कि जीवन भर सरकारी सेवा देने वाले शिक्षकों के दुख दर्द को समझते हुए शासन 5 वर्ष की सेवा में न्यूनतम पेंशन का प्रावधान करें तथा केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार व उत्तराखंड सरकार की तरह छत्तीसगढ़ राज्य में भी पेंशन निर्धारण के लिए 33 वर्ष अर्हकारी सेवा के स्थान पर 20 वर्ष अर्हकारी सेवा होने पर पूर्ण पेंशन निर्धारण का प्रावधान किया जाए, इससे प्रदेश के अधिसंख्य कर्मचारियो को पूर्ण पेंशन की पात्रता होगी।

# गुहा निषादराज जयंती समारोह में खल्लारी विधायक ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

ग्राम खुसरूपाली में आयोजित भक्त गुहा निषाद जयंती समारोह में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव शामिल हुए। ग्राम खुसरूपाली में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद जयंती समारोह का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उपाध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद छत्तीसगढ़ शासन महेंद्र चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, नंदकुमार निषाद, सरपंच पार्वती ध्रुव, जनपद सदस्य भूपेंद्र दीवान मौजूद थे।

मुख्य अतिथि विधायक यादव ने भगवान राम और माता सीता के साथ निषाद समाज के राजा गुहा निषाद के छायाचित्र की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान गुहा निषाद राज और मर्यादा पुरुषोत्तम राम की मित्रता अटूट विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। निषाद राज का जीवन हमें सेवा और सामाजिक समरसता की सीख देता है। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमे उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को संगठित और सशक्त बनाना चाहिए। विधायक यादव ने कहा कि निषाद समाज अपने गौरवशाली इतिहास के लिए जाना जाता है। रामायण काल में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण को अपनी नाव से नदी पार कराने वाले निषाद राज भगवान राम के परम मित्र के रूप में पूजे जाते हैं। कार्यक्रम में प्रमख रूप से सलाहकार कीर्तन निषाद, अध्यक्ष भगत राम निषाद, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश निषाद, प्रदेश सचिव जानकी निषाद, गिरीश पटेल, एडिशन ठाकुर बाघामुड़ा सरपंच, नारायण निषाद, नोखे ध्रुव, विनोद चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## पशु कल्याण जागरुकता माह के तहत जिले में पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन

**महासमुंद।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशानुसार 14 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आधुनिक पशुपालन पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पशु कल्याण को प्रोत्साहित करना तथा पशुधन की उत्पादकता और स्वास्थ्य में सुधार लाना है। साथ ही किसानों को सतत कृषि एवं सर्वोत्तम पशुपालन पद्धतियों के संबंध में शिक्षित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला महासमुंद के विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम बड़ेसाजापाली में पशु कल्याण जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 पशुपालकों की उपस्थिति में कुल 12 पशुओं का उपचार, 10 पशुओं को कृमिनाशक दवा का पान, 16 पशुओं में औषधि वितरण किया गया।

इसके अतिरिक्त 378 पशुओं में पीपीआर एवं एलएसडी रोगों के विरुद्ध टीकाकरण किया गया। शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं के समुचित रख-रखाव, संतुलित आहार, नियमित टीकाकरण तथा रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने पशु कल्याण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पशुपालकों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों को अपनाने की अपील की। पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जिले के समस्त विकासखंडों में पशु कल्याण जागरूकता माह के अंतर्गत निरंतर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक पशुपालक लाभान्वित हो सकें।

### श्याम बालाजी कॉलेज में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कालेज में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत बीएड प्रथम एवं चतुर्थ, बीए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए, पीजी डिप्लोमा, योग द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें शुगर, बीपी, थायराइड, हीमोग्लोबिन आदि की निःशुल्क जांच की गई। आवश्यकतानुसार छात्रों को दवाई भी दी गई। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अंकिता चंद्राकर, डा. संजय कुमार साहू, विभागाध्यक्ष सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे, उमा चैधरी, टोपराम कुर्रे, शीतल साहू, डिंपल साहू आदि मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ में शराब जैसे जहर के कारोबार के बढ़ावे की योजना बनाने वाली भाजपा सरकार को प्रदेश के किसानों की चिंता नहीं : कृष्णा

▪ प्रदेश का लघु एवं सीमांत किसान चिंता और कर्ज के बोझ में डूबा हुआ है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर पालिका के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार को शराब की बोतलों के निर्माण एवं उसके रखरखाव की चिंता है पर प्रदेश के किसानों की चिंता नहीं है। जिस प्रकार से प्रदेश की आबकारी नीति शराब की प्लास्टिक बोतल तथा शराब जैसे जहर की दुकानों के विस्तार के लिए भाजपा सरकार नित



नई-नई योजना का निर्माण कर रही है। राज्य सरकार शराब जैसे जहर के लिए कितनी जवाबदारी और ईमानदारी से रोज नई नई स्कीम बनाने में लगी हुई हैं, पर मेहनत कश किसानों की उपज को खरीदने उनके रखरखाव के लिए इस सरकार के पास कोई योजना नहीं है। कृष्णा ने कहा कि किसानों की दशा दिनों दिन बद से बदतर होती जा रही है। खाद और बीज के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी से किसानों की कमर टूट चुकी है। धान खरीदी में जिस प्रकार से रकबा को घटाया गया है, किसानों को चिंता में डाल दिया है। आज प्रदेश का लघु एवं सीमांत किसान चिंता और कर्ज के बोझ में डूबा हुआ है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर में जकड़न
नसों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446668
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# महर्षि विद्या मंदिर में मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व






**महासमुंद।** महर्षि विद्या मंदिर में 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्या की देवी मां सरस्वती एवं गुरु परंपरा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पीले वस्त्र धारण कर बसंत ऋतु के आगमन का स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वातावरण भक्तिमय हो गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे ज्ञान, बुद्धि एवं संस्कारों का पर्व बताया तथा विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन और अनुशासन के मार्ग पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात विद्यालय के ध्यान शिक्षक सुभाष पांडे एवं संदीप शर्मा द्वारा भवातीत ध्यान सभी को करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## बसंत पंचमी पर पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, जया चंद्राकर, बबली चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि बसंत पंचमी हर साल माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इसे विद्या, बुद्धि, कला और ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित माना जाता है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा करने से ज्ञान प्राप्ति, एकाग्रता और जीवन में प्रगति आती है। देश के कई हिस्सों में इस पर्व को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है।



# श्याम बालाजी कॉलेज में बसंत पंचमी पर सरस्वती भजन का आयोजन

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज में सरस्वती भजन एवं बसंत पंचमी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंकिता चंद्राकर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष संजय साहू, सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे, तोपराम कुर्रे, शीतल साहू एवं डिंपल साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि यह पर्व ज्ञान, विद्या, कला और संस्कृति का प्रतीक है तथा मां सरस्वती की आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, विवेक और सफलता का संचार होता है। विद्यार्थियों को इस पर्व से प्रेरणा लेकर अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। बीएड प्रथम एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सरस्वती भजन, नृत्य एवं कविता पाठ प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भव्य बनाया।

# राधाकृष्ण मंदिर में मनाया बसंत पंचमी का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला पतंजलि समिति महासमुंद द्वारा बसंत पंचमी का उत्सव राधा कृष्ण मंदिर इमलीभाठा में मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 6 से नियमित योग अभ्यास किया गया तथा पूर्ण विधि विधान से माता सरस्वती की पूजा एवं हवन किया गया। मां भारती के वीर सपूत आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद बोस को याद व नमन किया गया। कार्यक्रम में महिला पतंजलि समिति के जिला प्रभारी सुमति साहू, महामंत्री पूनम पटले, तहसील प्रभारी कमला रौतिया, नूपुर श्रीवास्तव, दुलारी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, शंकर लाल साहू, मनकूराम मुख्य योग शिक्षक, राम टोली सदस्य महावीर पवार, गोवर्धन साहू, लालाराम साहू, दुकालू चंद्राकर, तुषार लाल, ओमप्रकाश देवांगन, नेमीचंद देवांगन, पूरन देवांगन, मंगलमूर्ति शर्मा तथा भारत स्वाभिमान पतंजलि के जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले आदि उपस्थित रहे।



# पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में बसंत पंचमी पर पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय में मां सरस्वती का पूजन, हवन एवं आरती की गई। इस यज्ञ अनुष्ठान का वैदिक विधि विधान से वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन द्वारा करवाया गया। पूजन में आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सचिव घनश्याम सोनी, विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, विद्यालय समस्त आचार्य- दीदी, भैया-बहन एवं अभिभावकगण उपस्थित थे। पूजन के पश्चात 65 बच्चों का पट्टी पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार किया गया, उन्हें ग-गणेश, म-महेश, स-सरस्वती लिखवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के दीदी/आचार्यों, भैया -बहनों, अभिभावकों एवं समिति के सदस्यों द्वारा वनांचल शिक्षा सेवान्यास रायपुर के लिए एकत्रित समर्पण राशि मां सरस्वती के चरणों में समर्पित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर आचार्य बलराम सेन, शिव कुमार कन्नौजे, किरण साहू, खोजेंद्र कुमार साहू, तुलसीराम पटेल, कुंजलाल पटेल, हेमंत साहू, अजय कुमार तांडी, अजीत राम साहू, आचार्या मनोज साहू, आचार्या दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, किरण सोनी, गुरुवारी सोनी,



मल्लिका चंद्राकर, तारिणी गोस्वामी, निशा गोस्वामी, उत्तरा सिन्हा, श्वेता दुबे, तनुजा साहू, सरोजनी साव, टिकेश्वरी चंद्राकर, साक्षी घोड़ेचोरे, अर्चना साव आदि मौजूद रहे।

# खरोरा में श्रीराम की हुई पूजा-अर्चना



**महासमुंद।** अयोध्या के रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 22 जनवरी को मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम खरोरा के राममंदिर में भगवान श्रीराम की दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। महाराज संतोष वैष्णव ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में भगवान श्रीराम की विराजे हैं। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा राम भक्त के लिए बेहद खास है। यही कारण है कि इस शुभ अवसर पर राम मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। हर कोई रामलला की एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आता है। प्राण-प्रतिष्ठा के दिन लोगों ने भगवान राम की पूजा अर्चना की। इस दौरान राममंदिर खरोरा में पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर, शिक्षक जितेंद्र चंद्राकर, शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, शिक्षक भूपेंद्र चंद्राकर, शिक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर, शिक्षक मनीष चंद्राकर हेमलता, राधिका, शांता, सरोज आदि मौजूद रहे।

# बसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठता है : करुणा




**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 23 जनवरी 2026 को प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन में बसंत पंचमी कार्यक्रम मनाया गया। महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में स्थापित मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। जिसमें महाविद्यालय के समस्त विभाग के प्राध्यापक व अधिकारी-कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, योग विभाग के विद्यार्थी सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती मां की पूजा की जाती है। बसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठता है। मानव तो क्या पशु-पक्षी तक उल्लास से भर जाते हैं। हर दिन नयी उमंग से सूर्योदय होता है और नयी चेतना प्रदान कर अगले दिन फिर आने का आश्वासन देकर चला जाता है। इस दिन पीले वस्त्र धारण करते हैं। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है, तो पुराणों-शास्त्रों तथा अनेक काव्यग्रंथों में भी अलग-अलग ढंग से इसका चित्रण मिलता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी, डॉ आर के अग्रवाल, एसआर रात्रे ग्रंथपाल, मनीराम धीवर, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ.ईश्वरी प्रसाद चेलक, अजय कुमार राजा, सरस्वती सेठ, राजेश्वरी सोनी, दिलीप कुमार लहरे, डॉ. अजय कुमार देवांगन, मनबोध चौहान, दिलीप कुमार बढ़ाई, आशुतोष पूरी गोस्वामी, मनीषा प्रधान, डॉ.जगदीश सत्यम, प्रियंका सोनवानी, केशरचंद बनपाल, कार्यालय कर्मचारी गेश्वर दीवान छात्रावास अधीक्षक, मुकेश साहू कार्यालय प्रमुख, अतिथि व्याख्याता जीवन लाल चंद्राकर, परवीन करीम, डॉ. कलम रेखा, विजय कुमार मिर्चे, मृणाली चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, रेणुका साहू, डॉ. जागृति चंद्राकर, डॉ. गरिमा दीवान, डॉ. भूपेश पात्रा, ममता साहू, रूपावती, सीपी चतुर्वेदी, रोहिणी देवांगन, टीकम साहू, पूजा यादव, जनभागीदारी व्याख्याता प्रकाशमणि साहू, कल्याणी साहू, किरण साहू, मुकेश ढीढी, सुशील जांगडे, सौरभ साहू, वेद देवांगन, मिलाप सिंह ध्रुव, कुन्दन कुमार देवांगन, केशर कुमार कश्यप, मनीष साहू, तेजस्वनी साहू, पूर्णिमा साहू, ललित कुमार लोधी, बीएल साहू, राकेश जांगड़े मोरजध्वज कन्नौजे आदि उपस्थित रहे।

## किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशनल स्कूल में बसंत पंचमी उत्साहपूर्वक मनाई गई

**बंसुला।** किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशनल स्कूल बंसुला में ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती की आराधना का पर्व बसंत पंचमी हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। बच्चों ने तिलक लगाकर विधिवत पूजा की और मां सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि व संस्कार का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात बच्चों ने गीत, संगीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बसंत पंचमी के महत्व को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस आयोजन में भगवती जगत नंदिनी, प्रधान उषा बीसी, हसीना बेगम, तन्नू, निशा, आरती नाग, शबनम जौहरी एवं वसुधा साव का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया।



# बसंत पंचमी पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व विभिन्न संस्कार हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ में बसंत पंचमी पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस महायज्ञ में लगभग 300 श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञ का संचालन महिला मंडल की कनेश्वरी साहू, दुलारी साहू एवं गंगा साहू द्वारा किया गया। यज्ञ चार पालियों में हुआ। तत्पश्चात पर्व पूजन का क्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्या की देवी माँ सरस्वती का विधिवत पूजन-अर्चन युग संगीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में भारत साहू ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बसंत शब्द बस और अंत से मिलकर बना है, जिसका तात्पर्य काम, क्रोध, लोभ और मोह के अंत से है। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी हमें स्वच्छ, पवित्र एवं उल्लासपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने यह भी बताया कि इसी दिन पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य को उनके गुरु दादा के दर्शन हुए थे, जिन्होंने उन्हें उनके पूर्व जन्म का बोध कराते हुए इस जन्म के उद्देश्य और लक्ष्य से अवगत कराया। वर्ष 1926 से बसंत पंचमी को गायत्री परिवार द्वारा आध्यात्मिक जन्मदिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह दिन माँ सरस्वती के प्राकट्य दिवस के रूप में भी श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का भी स्मरण किया गया तथा भगवान श्रीराम द्वारा माता शबरी के आश्रम में बेर ग्रहण करने की प्रसंग का उल्लेख किया गया। वक्ताओं ने सभी से नियमित स्वाध्याय को जीवन का अंग बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत हरिद्वार में आयोजित जन्म शताब्दी समारोह का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया एवं डॉ. चिन्मय पंड्या का प्रेरणादायी उद्बोधन श्रद्धालुओं ने सुना। कार्यक्रम उपस्थित सभी परिजनों ने जनवरी से लेकर सितंबर माह तक एक से लेकर 5 माला गायत्री महामंत्र की नियमित जप एवं साधना करने का संकल्प लिया। यज्ञ के साथ 11 विद्यारंभ संस्कार, 3 दीक्षा संस्कार एवं 2 अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराए गए। शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन में नीला राम ठाकुर, नरेश साहू, मीना नायक, अहिल्या गुप्ता, दुलारी चंद्राकर, अमर साहू, कुमारेश श्रीवास्तव, धनीराम, भूखन सहित अनेक परिजनों का योगदान रहा। यह जानकारी भारत साहू ने दी है।



# गणतंत्र दिवस की तैयारी तेज, सीएमओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर पंचायत बसना में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारियां तेज़ी से अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। राष्ट्रीय पर्व को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप से मनाने के उद्देश्य से नगर पंचायत द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर पंचायत के मुख्य नगर अधिकारी (सीएमओ) सूरज सिदार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ सूरज सिदार ने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, ध्वजारोहण स्थल, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, साउंड सिस्टम एवं सुरक्षा संबंधी इंतजामों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ वर्षों तक कोरोना महामारी के कारण गणतंत्र दिवस समारोह सीमित दायरे में आयोजित किया गया था, लेकिन इस वर्ष महामारी का प्रभाव समाप्त होने के बाद नगर पंचायत बसना में पुनः सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्कूली बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियां, देशभक्ति गीत, झांकी एवं परेड का भव्य आयोजन किए जाने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।



इस अवसर पर सीएमओ सूरज सिदार ने कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी के लिए गौरव का पर्व है, जिसे अनुशासन, स्वच्छता एवं सुरक्षा के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों एवं कलाकारों का उत्साहवर्धन करें। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर एनके अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, पार्षद राजेश डड़सेना सहित नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पंचायत द्वारा समारोह को आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटाए जा रहे हैं।




# अछरीडीह में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का द्वितीय वर्षगांठ मनाई

## तीन हजार दीप ज्योति के आलोक से जगमगाया सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

सरस्वती शिशु मंदिर अछरीडीह विद्यालय परिसर में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय में सरस्वती वंदना व मां भारती की पूजा अर्चना से शुभारंभ किया गया। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने ग्राम के मुख्य मार्ग से भगवा ध्वज के साथ कलश शोभायात्रा निकाली। अछरीडीह की मानस मंडली जय बड़ादेव मानस परिवार के मानस पुत्रों द्वारा मानस गायन का प्रस्तुतियां दी गई। बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर मां वीणा की पूजा अर्चन करते हुए अगले वर्ष प्रवेश लेने वाले बच्चों तथा उनकी पालक माताओं का तिलक वंदन करते हुए श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीरा साहू ने तिलक वंदन तथा श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।



प्रमुख वक्ता वंदना साहू, रामायण पटेल, मीरा पटेल, खिलेश्वरी साहू, तरुणा पटेल आदि वक्ताओं ने पर्यावरण की आवश्यकता, बदलते परिवेश में संयुक्त परिवार की आवश्यकता, बेटी शिक्षा की आवश्यकता तथा समाज निर्माण में अहम नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार रखें। संध्या सात बजे पूरा विद्यालय परिसर श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष्य में तीन हजार दीपकों की ज्योति से जगमगा उठा। इस बीच जय जय श्री राम के जयघोष की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। तीन हजार दीप प्रज्ज्वलन के साथ श्रीराम के नाम उकेर कर जय जय श्रीराम जयकारे लगाए। सांस्कृतिक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। विद्यालय के भैया बहनों ने विभिन्न पारंपरिक गीतों पर मनमोहक भाव नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के अध्यक्ष डेरहा राम साहू ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर अछरीडीह विद्यालय परिवार के पालक, बालक, समिति सदस्य, विद्यालय के पूर्व छात्र, शिक्षक वृंद तथा समस्त ग्रामवासियों ने प्रातः प्रभात फेरी से लेकर देर रात्रि तक सहयोग किया।

